दिनांक : 12.08.2025

समय : 08.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को प्रदेश के धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का करेंगे भूमिपूजन।
- राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजधानी में क्रिस्प के स्थापना दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- हर घर तिरंगा अभियान प्रदेशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। कल इंदौर में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा।
- जबलपुर समेत प्रदेश के 11 जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना।

पीएम - प्रदेश यात्रा

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को मध्य प्रदेश आएंगे और धार जिले के बदनावर क्षेत्र में बनने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले का बदनावर क्षेत्र इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी एरिया का हिस्सा भी बनेगा। धार में स्थापित होने वाला पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (मित्रा) पार्क, भारत को वैश्विक वस्त्र महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा। करीब 2,158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला और 2,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाला यह पार्क अत्याधुनिक अधोसंरचना, सतत् विकास और रणनीतिक नीति समर्थन के माध्यम से टेक्सटाइल हब बनने की ओर अग्रसर है।

फसल बीमा-सीएम

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि देशभर के किसानों के खाते में भेजी गई है। इस योजना में मध्य प्रदेश के किसानों के खाते में लगभग ₹1,383 करोड़ धनराशि भेजी गई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का आभार व्यक्त किया।

विदेश मंत्रालय-पाकिस्तान

भारत ने संभावित परमाणु धमकी पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा है कि भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह किसी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा

के लिए भारत के सभी आवश्यक कदम जारी रहेंगे। श्री जायसवाल ने कहा कि परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि ऐसी टिप्पणी तीसरे मित्र देश की धरती से की गई है। बयान में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इन टिप्पणियों में निहित गैरजिम्मेदारी पर विशेष रूप से पाकिस्तानी सेना के आतंकवादी समूहों के साथ घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए अपने निष्कर्ष निकालने की भी चेतावनी दी गई है।

नितिन गडकरी- पुणे दौरा

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के साथ-साथ उसका उपयोग भी बढ़ाया जाए तो भारत एक ऊर्जा निर्यातक देश बन सकता है। श्री गडकरी कल विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर पुणे में बायोवर्स पहल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन क्रांति आयात कम करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

क्रिस्प का एमओयू

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज दोपहर 12 बजे राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, कौशल विकास और रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मनीष सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। क्रिस्प के प्रबंध संचालक डॉ. श्रीकांत पाटिल ने बताया कि क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस पर 'पीएम विश्वकर्मा योजना' और "सक्षम योजना" के अंतर्गत "टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट" एवं "शोरूम एडवाइजर" प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये जाएंगे। साथ ही नई साझेदारियों के लिए बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय- भोपाल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय- इंदौर, और क्रान्तिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन के साथ एमओयू किया जाएगा।

हर घर तिरंगा-प्रदेश

प्रदेश में तिरंगा अभियान उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन नगर में कल आयोजित तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल होंगे। शिवपुरी में जिला प्रशासन द्वारा आज पैदल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली पोलोग्राउण्ड से प्रारंभ की जाएगी। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा कल कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्व-सहायता समूह दीदियों द्वारा स्थापित झंडा विक्रय केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। यहां स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित तिरंगा झंडा एवं गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं को खरीदा जा सकता है। डिंडोरी में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय नारिया में कल

भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। वहीं, मुरैना में तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में तिरंगा यात्रा में स्वच्छता का संकल्प लिया गया। इंदौर में कल विशाल रैली निकाली जायेगी।

विश्व हाथी दिवस 2025

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय उत्सव तमिलनाडु के कोयंबटूर में मनाया जाएगा। यह उत्सव पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु वन विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसमें वन्य नीति निर्माता, वन्यजीव विशेषज्ञ और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि मिलकर हाथियों के संरक्षण और मानव-हाथी संघर्ष से निपटने के तरीकों पर चर्चा करेगें। भारत में 33 हाथी अभयारण्य और 150 चिन्हित हाथी गलियारों में विश्व के लगभग 60 प्रतिशत जंगली हाथी रहते हैं।

मौसम

जबलपुर समेत प्रदेश के 11 जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार,  बंगाल की खाड़ी से लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) एक्टिव हो रहा है। इसका असर भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में भी दिखाई देगा। अगले 24 घंटे के दौरान छतरपुर, सतना, पन्ना, रीवा, मैहर, दमोह, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश होने की संभावना है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के  ग्वालियर, दितया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सतना, कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। वहीं, कल प्रदेश में कहीं-कहीं तेज तो कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर जारी रहा। छतरपुर जिले के नौगांव में 2.3 इंच बारिश हुई। दतिया, ग्वालियर, पचमढ़ी, दमोह, खजुराहो, सतना, सिवनी समेत कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025

एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कल भारत की रितिका ने महिलाओं के 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया है। बैंकॉक में संपन्न इस प्रतियोगिता में भारत ने वर्गों में कुल 27 पदक जीते। अंडर-19 टीम तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। अंडर-22 टीम ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य सहित 13 पदक जीते।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में कल कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जिला एवं खण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।
- आगरमालवा जिले में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने हेतु कल ग्राम पंचायत बापचा, बिजानगरी, उचवास, खैराना, दमदम आदि ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया।
- डिंडोरी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कल स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में जिले की मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये।
- अशोकनगर जिले में उद्यानिकी विभाग की राज्य पोषित योजना के तहत फल, सब्जी मसाला की उन्नत तकनीक प्रशिक्षण हेतु किसानों का भ्रमण दल कल महाराष्ट्र के लिये रवाना किया गया।

-------